नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण

# चुनाव सुधार पर चर्चा को सरकार तैयार

**शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन एसआईआर को लेकर हंगामा**

**लोकसभा में हंगामे के बाद तारीख का ऐलान**

**09** और 10 दिसंबर को होगी बहस | **10** घंटे का समय बहस के लिए निर्धारित | **11** बजे लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही होगी शुरू



**नई दिल्ली, 02 दिसंबर. शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने एसआईआर के खिलाफ सुबह 10.30 बजे संसद परिसर में मकर द्वार के सामने प्रदर्शन किया. केंद्र सरकार चुनाव सुधारों पर संसद में बहस कराने के लिए तैयार है, जहां हर राज्य के लिए आदेशित एसआईआर पर भी चर्चा होगी.**

चुनाव सुधार को लेकर लोकसभा में 9 और 10 दिसंबर को बहस होगी. इसके लिए 10 घंटे का समय आवंटित किया गया है. यह जानकारी लोकसभा स्पीकर से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने दी. इसके अलावा एसआईआर पर बहस की मांग को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई. दिन में दो बार के स्थगन के बाद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई, लेकिन हंगामे के चलते लोकसभा की कार्रवाई 3 दिसंबर सुबह 11 तक के लिए स्थगित कर दी गई है. इसके अलावा राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार 11 बजे तक स्थगित कर दी गई.

### एसआईआर को लेकर राज्यसभा में भी गतिरोध

एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की विपक्ष की मांग को लेकर मंगलवार को राज्यसभा में भी सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी रहा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, हालांकि उन्होंने इसकी समय-सीमा तय करने से इनकार कर दिया. विपक्षी दलों ने मांग की कि एसआईआर पर चर्चा को अन्य कार्यों की तुलना में प्राथमिकता दी जाए, जबकि रिजीजू ने कहा कि वंदे मातरम पर चर्चा पहले होगी. सरकार की ओर से एसआईआर पर चर्चा को प्राथमिकता न देने पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन में नारेबाजी की और फिर वे सदन से बहिर्गमन कर गए.

## ईडी की 900 करोड़ के हवाला नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 02 दिसंबर (वार्ता)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कथित हवाला ऑपरेटर, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर रांची, मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की. यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से संबंधित 900 करोड़ से अधिक के संदिग्ध हवाला नेटवर्क से जुड़े एक मामले का हिस्सा है. ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेमा की धारा 37 के तहत अधिकृत यह तलाशी अभियान रांची स्थित सीए और इस नेटवर्क का कथित सरगना नरेश कुमार केजरीवाल के यहां और उसके रिश्तेदारों और सहयोगियों के ठिकानों पर चलाया जा रहा है. ईडी का यह मामला आयकर विभाग की जांच पर आधारित है.



## जनता चुनेगी नपा-नप अध्यक्ष

- सदन में मप्र नगर पालिका संशोधन विधेयक 2025 पारित
- अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की राह भी हुई मुश्किल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 दिसंबर. प्रदेश में अब नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष का चुनाव सीधे मतदाता करेंगे. वहीं अब अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की राह भी मुश्किल हो गई है.**

पहले तो ये कि तीन वर्ष से पहले अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकेगा, वहीं अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए भी तीन चौथाई पार्षदों का समर्थन जरूरी होगा. तीन चौथाई पार्षद इस संबंध में प्रस्ताव कलेक्टर को देंगे, कलेक्टर इसे राज्य सरकार को भेजेंगे, जहां इस बारे में निर्णय लिया जाएगा.

सदन में मंगलवार को मप्र नगर पालिका संशोधन विधेयक 2025 पारित कर दिया गया, जिसमें इस तरह का प्रावधान किया गया है. इसी के साथ प्रदेश में नपा और नप अध्यक्ष का चुनाव भी सीधे प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से कराने का रास्ता साफ हो गया है.

( शेष पेज 12 पर )

## फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लेने पर ईओडब्ल्यू ने किया केस दर्ज

**226** करोड़ के कंपनी ने लिए थे टेंडर

**जबलपुर, 2 दिसंबर. फर्जी दस्तावेजों से कैलाश देवबिल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 226 करोड़ के टेंडर प्राप्त किए। टेंडर लेने वाली कंपनी के खिलाफ जबलपुर ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर ली है।**

ईओडब्ल्यू जबलपुर को शिकायत प्राप्त हुई कि कैलाश कंपनी के संचालकगण द्वारा फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी से ठेके प्राप्त गए हैं। कंपनी के संचालक कैलाश कुमार शुक्ला सीमा शुक्ला एवं भानू शुक्ला द्वारा म.प्र. पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड शक्ति भवन रामपुर के टेंडर को प्राप्त करने इनॉक्सविंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस लिमिटेड नोएडा का 2017 को कूटरचित सर्टिफिकेट लगाकर टेंडर ले लिए थे.

भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर विशेष फीचर (देखें पृष्ठ क्रमांक 11)

## सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा पीएम कार्यालय

**नई दिल्ली, 02 दिसंबर.** प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया गया है. केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है. बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय जल्द ही नए कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होगा. इस बिल्डिंग का नाम ही सेवा तीर्थ रखा गया है. पीएमओ के अलावा, एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में कैबिनेट सेक्रेटेरिएट, नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट और इंडिया हाउस के ऑफिस भी होंगे, जो आने वाले बड़े लोगों के साथ हाई-लेवल बातचीत की जगह होगी.

## संचार साथी ऐप स्वैच्छिक : सरकार

### ऐप का इस्तेमाल उपयोगकर्ता की मर्जी पर निर्भर

**नई दिल्ली, 02 दिसंबर (वार्ता) संचार साथी ऐप को लेकर विपक्ष की चिंताओं के बीच संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह स्वैच्छिक और वैकल्पिक है और किसी भी तरह अनिवार्य नहीं है.**

इस ऐप को निजता के लिए खतरा बताए जाने को अफवाह करार हुए सिंधिया ने कहा कि यह स्वैच्छिक ऐप है. इसका इस्तेमाल उपयोगकर्ता की इच्छा पर निर्भर है. उपयोगकर्ता चाहे तो अपने मोबाइल पर इसे सक्रिय करे या न करे और वह आसानी से इसे डिलीट भी कर सकता है.



संचार मंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के हर नागरिक की डिजिटल सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. संचार साथी ऐप का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजता की रक्षा कर सके और ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रह सके.

## हवाला लूट कांड की आरोपी पूजा को झटका

**जबलपुर, 2 दिसंबर. कटनी से जालना (नागपुर) जा रही कार से हवाला के 2.96 करोड़ रुपये लूटने के मामले में एसडीओपी पूजा पांडे को फिलहाल राहत नहीं मिली है. जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष मंगलवार को जमानत पर हुई सुनवाई दौरान आरोपिया की ओर से अर्जी वापस लेने की प्रार्थना की गई, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने अर्जी खारिज कर दी.**

उल्लेखनीय है कि विगत 8 व 9 अक्टूबर की रात को सिवनी पुलिस ने एक कार को रोका था, जिसमें करीब तीन करोड़ रुपए हवाला की रकम थी. उक्त मामले को रफा दफा करने एसडीओपी पूजा पांडे व उनकी टीम ने आरोपियों से साठगांठ की थी. इतना ही नहीं बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर प्राप्त की थी.



**जमानत अर्जी वापस लेने की प्रार्थना के साथ खारिज**

**मामले में 11 पुलिसकर्मियों पर हुआ था केस**

उक्त मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे सहित ग्यारह पुलिस कर्मियों के खिलाफ अपहरण, लूट व अपराधिक साजिश के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें निलंबित कर गिरफ्तार किया था. निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद पूजा पांडे ने जमानत पाने हाईकोर्ट की शरण ली है.





The first 6 EMIs are on us.
Upgrade to a Volkswagen before 25th December.*

Volkswagen FASTFEST

GLOBAL NCAP ★★★★★ | 4 EVER CARE** 4 year Standard Warranty, 4 year Road Side Assistance, 3 Free Services | Exchange through Certified Pre-Owned | Additional Scrappage Benefits*** | Available across GeM, CSD & KPKB | Call 1800 102 0909 | volkswagen.co.in

*Terms and conditions apply. Finance at the sole discretion of financiers. Calculation based on the Loan amount up to ₹10 Lakh, for 5-year loan at 8.75% Interest rate. Offer on select variants at the sole discretion of the dealer. Images are for representation purpose. Features and accessories shown may not be a part of standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary. The dark shade on the glass is due to the lighting effect. **3 Free services applicable on 1 000 kilometers, 7 500 kilometers and 15 000 kilometers. In service, only labour charges are free. ***Additional scrappage benefit up to ₹20 000. To know more on the schemes, please visit your nearest Volkswagen dealership.

**Authorised Dealers: Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056; **Volkswagen Gwalior:** 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706.